मुंबई (महाराष्ट्र) से प्रकाशित

हिन्दी दैनिक

# उत्तरशक्ति

हर खबर निष्पक्षता के साथ

मुंबई
वर्षः 7 अंक 172
सोमवार, 06 जनवरी 2025
मूल्य 3 रुपए, पृष्ठ-6
RNI NO. MAHHIN/2018/76092
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
www.uttarshakti.co.in

## 10 साल में दिल्ली ने जिस तरह की राज्य सरकार देखी है, वो किसी 'आपदा' से कम नहीं हैः पीएम मोदी

**नई दिल्ली, 05 जनवरी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को दिल्ली के रोहिणी में भाजपा परिवर्तन रैली को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल पर अपना 'आप-दा' आरोप दोहराया। इसी के साथ पीएम मोदी ने दिल्ली सरकार पर पिछले 10 सालों में राष्ट्रीय राजधानी के विकास को पटरी से उतारने का भी आरोप लगाया।

पीएम ने दिल्ली की जनता से आगामी विधानसभा चुनावों में भाजपा को मौका देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, 'मैं दिल्लीवासियों से एक विशेष अनुरोध करना चाहता हूं। दिल्ली और आपके बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए मैं आपसे अनुरोध करने आया हूं कि आप भाजपा को एक अवसर प्रदान करें। सिर्फ बीजेपी दिल्ली का विकास कर सकती है।'

आम आदमी पार्टी पर कटाक्ष करते हुए पीएम ने कहा, 'बीते 10 साल में दिल्ली ने जिस तरह की राज्य सरकार देखी है, वो किसी 'आप-दा' से कम नहीं है। यह एहसास आज दिल्ली वालों को अच्छे से हो चुका है। इसलिए अब दिल्ली में एक ही आवाज गूंज रही है- आप-दा नहीं सहेंगे, बदल के रहेंगे। पीएम मोदी ने कहा, 'मुझे विश्वास है कि दिल्ली विधानसभा में भी कमल खिलने



वाला है। ये भाजपा ही है, जो दिल्ली को, दुनिया की बेहतरीन राजधानी का गौरव दिला सकती है।' उन्होंने आगे कहा कि जिस आप-दा सरकार के पास दिल्ली के लिए कोई विजन न हो, जिसे दिल्ली की परवाह न हो, वह दिल्ली का विकास नहीं कर सकती है। दिल्ली को आधुनिक बनाने के लिए जितने भी काम हैं वो केंद्र की भाजपा सरकार ही कर रही है।अपनी पार्टी की उपलब्धियां गिनवाते हुए पीएम ने कहा, 'जैसे दिल्ली मेट्रो चप्पे-चप्पे तक पहुंची, तो ये काम भाजपा की केंद्र सरकार ने किया है। बीते एक दशक में दिल्ली-एनसीआर में मेटो नेटवर्क दोगुने से भी अधिक हो चुके हैं। आज जनकपुरी और कृष्णा पार्क के लिए भी मेट्रो शुरू हो चुकी है। ये जो नमो रेल प्रोजेक्ट है ये भी केंद्र सरकार बना रही है।'शीशमहल विवाद को उठाते हुए, पीएम मोदी ने कहा, 'दिल्ली पर आप-दा लाने वाले ये झूठा आरोप लगाते हैं कि केंद्र सरकार उन्हें काम नहीं करने देती...केंद्र सरकार उन्हें पैसे नहीं देती। ये कितने बड़े झूठे हैं। इसका उदाहरण इनका शीशमहल है। आज ही एक बड़े अखबार ने उअऋरिपोर्ट के आधार पर शीश महल पर हुए खर्च का खुलासा किया है।

## अंतरिक्ष में हुआ जीवन का अंकुरणः सूक्ष्म-गुरुत्वाकर्षण स्थिति में बीज अंकुरित हुए-इसरो



**नई दिल्ली, 05 जनवरी।** इसरो ने कहा कि पीएसएलवी-सी60 पीओईएम-4 प्लेटफॉर्म पर अंतरिक्ष में भेजे गए लोबिया के बीज मिशन के प्रक्षेपण के चार दिन के भीतर सूक्ष्म-गुरुत्वाकर्षण परिस्थितियों में अंकुरित हो गए हैं। अंतरिक्ष एजेंसी ने सूक्ष्म-गुरुत्वाकर्षण स्थितियों में पौधों के विकास का अध्ययन करने के लिए विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र (वीएसएससी) के कक्षीय पादप अध्ययन (सीआर ओपीएस) प्रयोग के लिए कॉम्पैक्ट रिसर्च मॉड्यूल के हिस्से के रूप में लोबिया के आठ बीज भेजे।

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, अंतरिक्ष में हुआ जीवन का अंकुरण! पीएसएलवी-सी60 पीओईएम-4 के माध्यम से वीएसएससी के सीआरओपीएस प्रयोग में 4 दिन में लोबिया के बीज सफलतापूर्वक अंकुरित हुए। जल्द ही पत्तियां निकलने की उम्मीद है। पीएसएलवी-सी60 मिशन ने 30 दिसंबर की रात दो स्पेडेक्स उपग्रहों को कक्षा में स्थापित किया था। पीओईएम-4 प्लेटफॉर्म को ले जाने वाले रॉकेट का चौथा चरण मंगलवार से 350 किमी की ऊंचाई पर पृथ्वी की परिक्रमा कर रहा है और इस दौरान कक्षा में 24 प्रयोग किए जा रहे हैं।

## जनजातीय संस्कृति के संरक्षण के लिए पूरी तत्परता से कार्य कर रहा देशः योगी आदित्यनाथ



**लखनऊ, 05 जनवरी।** पांच जनवरी उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि पूरा देश जनजातीय संरक्षण के लिए पूरी तत्परता से कार्य कर रहा है। मुख्यमंत्री ने जनजातीय युवा संवाद कार्यक्रम-2025 के तहत रविवार को अपने सरकारी आवास पर ओडिशा, झारखंड, छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश के युवाओं से संवाद किया। इस दौरान युवाओं ने अपनी बातें रखीं और अपने राज्य की सांस्कृतिक झलक भी प्रस्तुत की। एक आधिकारिक बयान के अनुसार मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में जनजातीय संस्कृति के संरक्षण के लिए देश पूरी तत्परता से कार्य कर रहा है। इसके लिए अनेक कार्यक्रम भी चलाए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा प्रधानमंत्री मोदी ने 15 नवंबर की तिथि को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती (जनजातीय दिवस) के रूप में घोषित की। योगी ने कहा कि स्वतंत्र भारत में पहली बार राष्ट्रपति पद पर जनजातीय महिला (द्रौपदी मुर्मू) भारत के गौरव को नयी ऊंचाई तक पहुंचाने में योगदान दे रही हैं। योगी ने कहा, 'उत्तर प्रदेश का ओडिशा, झारखंड, छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश से नजदीकी संबंध है।' मुख्यमंत्री ने कहा, 'छत्तीसगढ़ भगवान राम का ननिहाल है। चित्रकूट में भगवान राम ने वनवास का सर्वाधिक समय यहीं व्यतीत किया।

यह उत्तर प्रदेश व मध्य प्रदेश का जंक्शन है। मां जानकी जनकपुर से हैं। यह बिहार व नेपाल के बीच में पड़ता है। झारखंड बाबा धाम के लिए जाना जाता है। ओडिशा जगन्नाथ भगवान का पावन धाम है। अपनी परंपरा, संस्कृति के प्रति गौरव की अनुभूति, श्रद्धा-सम्मान व देश के प्रति निष्ठा का भाव आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है।'

## जम्मू कश्मीर के किश्तवाड़ में वाहन के नदी में गिरने से चार लोगों की मौत, दो लापता

किश्तवाड़। जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में रविवार को एक वाहन के सड़क से फिसलकर नदी में गिरने से चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि पद्दार इलाके में हुई दुर्घटना के बाद चालक समेत दो लोग लापता हैं।

उन्होंने कहा कि बचाव अभियान जारी है। उधमपुर से सांसद एवं केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने दुर्घटना में लोगों की मौत पर दुख व्यक्त किया। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, यह जानकर दुख हुआ कि वाहन में सवार चार यात्री मृत पाए गए हैं।चालक सहित दो अन्य व्यक्तियों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। शोकसंतप्त परिवारों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं।

मंत्री ने कहा कि उन्होंने दुर्घटना की रिपोर्ट मिलने के तुरंत बाद किश्तवाड़ के उपायुक्त राजेश कुमार शवन से संपर्क किया।

## कर्नाटक सरकार अनुसूचित जातियों के बीच आंतरिक आरक्षण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्धः सिद्धरमैया



**दावणगेरे, 05 जनवरी।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने रविवार को कहा कि उनकी सरकार अनुसूचित जातियों (एससी) के बीच आंतरिक आरक्षण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। कर्नाटक में सत्तारूढ़ कांग्रेस में नेतृत्व परिवर्तन की अटकलों के बीच उन्होंने कहा कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष या मुख्यमंत्री के बारे में कोई भी निर्णय पार्टी आलाकमान द्वारा लिया जाएगा और वह नेतृत्व के परामर्श से अपने मंत्रिमंडल में रिक्त पद को भरने का फैसला करेंगे।सिद्धरमैया ने यहां संवाददाताओं के एक सवाल पर कहा, 'उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि आंतरिक आरक्षण दिया जाना चाहिए, लेकिन जैसा कि कुछ लोगों ने कहा है कि इस संबंध में ठोस आंकड़ा नहीं है, इसलिए (न्यायमूर्ति) नागमोहन दास की अध्यक्षता में एक आयोग का गठन किया गया है। हम आंतरिक आरक्षण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।'नवंबर में सरकार ने उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति एच एन नागमोहन दास को अनुसूचित जातियों (एससी) के बीच आंतरिक आरक्षण की सिफारिश करने के लिए एक आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया था। अनुसूचित जातियों का एक वर्ग, विशेष रूप से एससी लेफ्ट, आंतरिक आरक्षण की मांग कर रहा है। उनका आरोप है कि केवल कुछ प्रभावशाली उपजातियां ही अधिकांश लाभ ले रही हैं, जबकि कई समुदाय अब भी हाशिए पर हैं।एक अगस्त, 2024 को दिए गए एक ऐतिहासिक फैसले में, न्यायालय ने कहा था कि राज्यों को सामाजिक रूप से विषम वर्ग बनाने वाली अनुसूचित जातियों के भीतर उप-वर्गीकरण करने का संवैधानिक अधिकार है, ताकि सामाजिक और शैक्षणिक रूप से अधिक पिछड़ी जातियों के उत्थान के लिए आरक्षण दिया जा सके।कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी (केपीसीसी) के अध्यक्ष पद पर बदलाव के बारे में पूछे गए सवाल पर सिद्धरमैया ने कहा, यह आलाकमान द्वारा तय किया जाएगा।

केपीसीसी अध्यक्ष, मुख्यमंत्री सब कुछ आलाकमान द्वारा तय किया जाता है। केपीसीसी के अध्यक्ष के रूप में चार साल पूरे कर चुके उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार वर्तमान में पद पर विस्तार पर हैं। कर्नाटक महर्षि वाल्मीकि अनुसूचित जनजाति विकास निगम घोटाले में कथित रूप से शामिल होने के आरोप के बाद मंत्री बी नागेंद्र के इस्तीफे से मंत्रिमंडल में रिक्त हुए स्थान को भरने के बारे में पूछे जाने पर मुख्यमंत्री ने कहा, मैं आलाकमान से चर्चा करूंगा और उस रिक्त स्थान को भरूंगा।

## मानवता के सच्चे मसीहा थे संत कंवरराम : चंद कांछला

- संत कंवर राम सिंधी युवा समिति का 19वां दायित्व ग्रहण समारोह
- संस्थापक अध्यक्ष चंदन रुपानी ने 2025 के लिए अध्यक्ष जय लालवानी, सचिव सुनीत रामनानी, कोषाध्यक्ष रतन राजवानी सहित संस्था के सदस्यों के संचालक मंडल को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई

सुरेश गांधी



**वाराणसी।** संत कंवर राम सिंधी युवा समिति ने अपनी संस्था के 18 साल पूरा होने पर 19वां दायित्व ग्रहण समारोह रविवार को होटल एलिगेंस में मनाया। इस मौके पर संस्था के संस्थापक चंदन रुपानी ने साल 2025 के लिए अध्यक्ष के रूप में जय लालवानी, सचिव सुनीत रामनानी, कोषाध्यक्ष रतन राजवानी सहित संस्था के 45 सदस्यों के संचालक मंडल को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी। जबकि इस बार संस्था में बने 12 नए सदस्यों को संस्था के संरक्षक जगदीश पेशवानी ने शपथ दिलायी।

समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं शिव शांति आश्रम लखनऊ साई हरीश लाल साहब व विशिष्ट अतिथि एवं मुख्य वक्ता रायपुर छत्तीसगढ़ के चंद कांछला ने इष्टदेव साईं झूलेलाल व संत कंवर राम साहब जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर गया। इसके बाद वर्तमान अध्यक्ष पवन साजिदा ने मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि को अंग वस्त्रम पहनाकर सम्मान किया। कार्यक्रम में सन 2024 के साल भर में हुए कार्य की जानकारी वर्तमान सचिव संजय टहलानी व वर्षभर का लेखा-जोखा वर्तमान कोषध्यक्ष विक्की रूपरेला ने दी। मुख्य वक्ता चंद कांछला ने समाज के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि ईश्वर भक्ति में रहकर सच्ची सेवा के कार्य कैसे करने चाहिए। वही मुख्य अतिथि साई हरीस लाल साहिब ने सभी को आशीर्वाद दिया।

कार्यक्रम का संचालन नरेश बदानी व दीपक वासवानी ने किया। संस्था का परिचय संस्था के संरक्षक मनोज लखमानी ने कराया। कार्यक्रम को मुख्य रूप देने में विजय राजवानी, कमल हरचानी, दिलीप आहुजा, धर्मेंद्र संहता, सुनील वाध्या व कार्यक्रम संयोजक राकेश वलेचा, धर्मेंद्र शीतलानी, दिनेश दौलानी, नवीन सचदेवा की अहम भूमिका रही। इस अवसर पर सिंधी समाज की सक्रिय संस्था संत कंवर राम सिंधी युवा समिति के कार्यों की जमकर सराहना की गयी और समारोह में उपस्थित सभी लोगों ने भक्त कवर राम को याद किया।









# जिले में स्वच्छ प्रदूषण मुक्त व अधिक टिकाऊ बनाए रखने के लिए माझे आंगन अभियान

## ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों के स्वास्थ्य की स्थिति में सुधार के लिए व्यक्तिगत स्वच्छता महत्वपूर्ण : जिला अध्यक्ष प्रकाश निकम

**पालघर(उत्तरशक्ति)।** पालघर जिले में व्यक्तिगत शौचालय, ठोस अपशिष्ट एवं अपशिष्ट जल प्रबंधन को पारिवारिक स्तर पर अपनाना, स्वच्छता की आदत अपनाना, नियमित रूप से इनका उपयोग करने वाले परिवारों को प्रोत्साहित करना, उनका अनुकरण करना, अन्य ग्रामीणों, परिवार के सदस्यों के साथ व्यक्तिगत स्वच्छता सुविधाओं उनके घरों में या क्षेत्र में उपलब्ध कराने हेतु जिले में 1 से 20 जनवरी 2025 तक स्वच्छ माझे आंगन अभियान चलाया जा रहा है। पालघर जिला परिषद अध्यक्ष प्रकाश निकम ने जिला परिषद की स्थायी समिति से इस अभियान को जिले में प्रभावी ढंग से लागू करने की अपील की। ग्रामीण लोगों की स्वास्थ्य स्थिति में सुधार के लिए स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा) चरण -2 के तहत विभिन्न स्वच्छता कार्य किए जा रहे हैं। जिले में घरेलू स्तर पर व्यक्तिगत शौचालय, ठोस अपशिष्ट एवं अपशिष्ट जल प्रबंधन, जिन परिवारों ने व्यक्तिगत शौचालय का उपयोग, अपशिष्ट जल प्रबंधन अवशोषण गड्ढा, पिछवाड़े, परकोलेशन पिट, कम्पोस्ट कम्पोस्ट पिट या घरेलू खाद गड्ढे की उपलब्धता ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, कूड़ेदान घरेलू स्तर पर कर ली है। ऐसे परिवारों को उनके उदाहरण का अनुसरण करने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया जा रहा है। रख-रखाव के लिए परिवार द्वारा पहल करना, घरेलू स्तर पर कचरे को छांटना, घरेलू स्तर पर सूखे और गीले कचरे के डिब्बे में छांटना, छंटे हुए घरेलू कचरे से कचरे की खाद बनाना या घरेलू खाद के डिब्बे बनाना और घर पर या घर के आसपास कचरे का प्रबंधन करना, परसबाग, पझारखड़ा, शोरोखड़ा के माध्यम से घरेलू स्तर पर अपशिष्ट जल प्रबंधन पर विशेष अभियान चलाया गया है। सबसे पहले अभियान की जानकारी गांव में नोटिस बोर्ड पर लगाकर ग्रामीणों को दी जाये। इसके बाद 1 से 20 जनवरी तक यह अभियान चलाया जाना है। 21 से 24 जनवरी की अवधि में ग्राम जल आपूर्ति एवं स्वच्छता समिति को व्यक्तिगत स्तर पर शौचालयों के उपयोग, ठोस अपशिष्ट एवं अपशिष्ट जल प्रबंधन का सत्यापन कर परिवारों का चयन किया जाना है। उनके या इलाके में घरेलू कूड़ादान, पिछवाड़े, व्यक्तिगत कूड़ादान, नाबदान, व्यक्तिगत शौचालय, घरेलू कचरा डिब्बे आदि जैसी सुविधाएं होनी चाहिए। उत्कृष्ट प्रबंधन वाले परिवारों को 26 जनवरी 2025 को ग्राम सभा में सरपंच एवं ग्राम पंचायत अधिकारियों के संयुक्त हस्ताक्षर से प्रशस्ति पत्र, श्रीफल, पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया जायेगा। मुख्य कार्यकारी अधिकारी भानुदास पालवे ने बताया कि जिला जल एवं स्वच्छता मिशन के परियोजना निदेशक अतुल पारसकर के नेतृत्व में 'स्वच्छ माझे आंगन' अभियान क्रियान्वित किया गया है और सभी पंचायत समिति स्तर पर समूह विकास अधिकारी को पत्राचार किया गया है।




## मुंबई में बढ़ते प्रदुषण के विरोध में मुलुंड कांग्रेस का प्रदर्शन




**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** मुंबई में बढ़ते हुए वायु प्रदुषण को रोकने में असफल महाराष्ट्र सरकार के विरोध में ईशान्य मुंबई जिला कांग्रेस, मुलुंड कांग्रेस 103, द्वारा सरदार तारा सिंह गार्डन, साइप्रस, मुलुंड प. पर राकेश राघवन के नेतृत्व में प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन में मुंबई कांग्रेस के कार्याध्यक्ष चरण सिंह सप्रा,महासचिव सुनील गंगवानी, सचिव किशोर मुंडेकल, अयूब सय्यद, राजेश इंगले, डॉ. आर. आर. सिंह (वरिष्ठ कांग्रेस नेता ), डॉ. सचिन सिंह (महासचिव उत्तर भारतीय सेल, महाराष्ट्र कांग्रेस),उत्तम गीते (कार्याध्यक्ष जिला कांग्रेस ),कैलास पाटील, भरत सोनी (प्रवक्ता ), अरविन्द यादव, विठ्ठल सातपुते (ब्लॉक अध्यक्ष,मुलुंड कांग्रेस), निर्मला सोनावणे, हेमंत ठाकुर ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर प्रदर्शन कारी श्वास लेना हमारा अधिकार, राज्य सरकार लापरवाह, वायु प्रदुषण, कंस्ट्रक्शन, ध्वनि प्रदुषण पर -रोक लगाओ, रोक लगाओ, प्रदुषण पर रोक लगाओ, मानव, वृक्ष, पशु पक्षियों की जान बचाओ नारे लगा रहे थे। इस अवसर पर हस्ताक्षर अभियान को मुलुंड के सुज्ञ नागरिकों का अच्छा प्रतिसाद मिला।

## सर्व प्रजापति शक्ति ट्रस्ट ने किया मेडिकल इलाज में आर्थिक सहयोग



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** सामाजिक कार्यों मे बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने वाली मुंबई की एनजीओ सर्व प्रजापति शक्ति ट्रस्ट ने वर्ष 2025 के प्रथम दिवस पर बलिया निवासी कैंसर मरीज सरस्वती प्रजापति पत्नी प्रदीप प्रजापति के इलाज में आर्थिक सहयोग किया। संस्था अब तक लगभग 50 से अधिक लोगो के मेडिकल इलाज, शिक्षा, शादी - विवाह इत्यादि में किया जा चुका है। सर्व प्रजापति शक्ति ट्रस्ट के संस्थापक अजय प्रजापति मुंबई के निवासी है और साथ महासचिव विनोद कुमार प्रजापति जौनपुर, कोषाध्यक्ष इंद्रजीत प्रजापति नवी मुंबई के निवासी हैं, हमेशा ही एक जुट करते हुए लोगो के माध्यम से यथासंभव मदद करने का प्रयास करते है। बलिया की महिला सरस्वती के लिए 15000 रुपए का सहयोग प्रदान किया गया। 2016 से यह संस्था कार्यरत है हालांकि अभी तक सरकार की तरफ से किसी भी ततः का कोई सहयोग नहीं मिला है। इलाज हेतु लगभाग संस्था के 60 से अधिक सहयोगियों ने अपना योगदान दिया। हरीश लिम्बा, विजयशंकर प्रजापति, पियूष प्रजापति, चन्दन प्रजापति, अजय प्रजापति इत्यादी लोग शामिल हैं।

## केडीएमसी अधिकारी और सुनील वायले के हांथो टिटवाला महोत्सव का उदघाटन



**कल्याण (उत्तरशक्ति)।** शिवसेना मांडा-टिटवाला विभाग द्वारा हर साल की तरह इस साल भी टिटवाला महोत्सव का आयोजन बड़ी धूमधाम से किया गया है। रविवार को कल्याण डोंबिवली महानगरपालिका के सचिव किशोर शेलके और पूर्व नगरसेवक सुनील वायले के शुभ करकमलों से उदघाटन किया गया। आयोजक विजय देशेकर ने बताया कि 5 जनवरी से 15 जनवरी तक चलने वाले टिटवाला महोत्सव में प्रतिदिन विभिन्न सांस्कृतिक, सामाजिक एवं धार्मिक उपक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सांस्कृतिक गीत-संगीत, मान्यवर सम्मान, लावणी स्पर्धा,मंगलागौर स्पर्धा आदि का समावेश है। देशेकर ने कहा कि टिटवाला के स्थानीय कलाकारों को एक मंच प्रदान करने के प्रयास महोत्सव के माध्यम से किया जाएगा। इसके अलावा खाने के शौकीन लोगों के लिए विभिन्न प्रकार के फूड स्टाल है, जिसमें कई प्रकार के खाद्यपदार्थ उपलब्ध है। वहीं छोटे बच्चों के लिए फन जोन भी बनाया गया है। देशेकर ने यह भी बताया कि महोत्सव से होने वाली कमाई का सारा रुपया समाज की भलाई में लगाया जाएगा। तो वहीं महोत्सव के उदघाटक किशोर शेलके ने कहा कि टिटवाला महोत्सव के माध्यम से टिटवाला के युवाओं की कलात्मक गुणों को बढ़ावा देने का काम विजय देशेकर द्वारा किया जा रहा है।

## अंधेरी में भाजपा के महासदस्यता अभियान को मिला उत्कृष्ट प्रतिसाद

**मुंबई।** भारत की प्रगति के लिए, विकसित महाराष्ट्र के लिए और मुंबई के उज्वल भविष्य के लिए युवाओं के सकारात्मक दृष्टिकोण के लिए आधुनिक भारत के विकास में सहायता करने के उद्देश्य से रविवार को संपूर्ण महाराष्ट्र में भाजपा की ओर से महासदस्यता अभियान की शुरूआत की गई। इसी परिप्रेक्ष्य को ध्यान में रखते हुए महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और भाजपा मुंबई अध्यक्ष आशीष शेलार के मार्गदर्शन में अंधेरी वार्ड क्रमांक ७९ में भाजपा मुंबई सचिव अजय तिवारी और टीम के अन्य सदस्यों द्वारा सदस्यता अभियान में शामिल होकर बड़ी संख्या में लोगों को भाजपा का सदस्य बनाया। इस दौरान अजय तिवारी के साथ टीम के सदस्य नरेंद्र शुक्ला, मनोज तिवारी, सुनील करपे, शेखर करपे , रमेश बावकर, रोहित रावल, विनेश पेडमकर सहित कई अन्य लोग शामिल थे। भाजपा का सदस्यता अभियान रविवार प्रातः 9.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक प्रत्येक बूथ पर चलाया गया। इस सदस्यता अभियान को उत्कृष्ट प्रतिसाद मिला।

## महाराष्ट्र के बाद अब बीएमसी पर फहरेगा भाजपा का झंडा : एसएम खान



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** भाजपा महाराष्ट्र अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष एसएम खान द्वारा आज वसोर्वा विधानसभा के आनंद नगर के पास बीजेपी कार्यालय पर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता अभियान का आयोजन किया गया, जिसमें भारी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर बोलते हुए खान ने कहा कि आने वाले दिनों में बीएमसी पर भारतीय जनता पार्टी का झंडा फहरेगा और भारतीय जनता पार्टी का महापौर बनेगा।

उन्होंने कहा कि मुंबई की जनता महापालिका में व्याप्त भ्रष्टाचार से तंग आ चुकी है।

यही कारण है कि राज्य सरकार की तरह महापालिका में भी भाजपा का शासन चाहती है।

## कथा वाचक प्रेमभूषण महाराज द्वारा उत्तरशक्ति कैलेंडर किया विमोचन





**नालासोपारा (उत्तरशक्ति)।** नालासोपारा पूर्व में विश्वविख्यात परम पूज्य कथा वाचक प्रेमभूषण महाराज के सानिध्य में हिंदी दैनिक उत्तरशक्ति का कैलेंडर ( दिनदर्शिका ) 2025 का विमोचन पूज्य श्री प्रेमभूषण महाराज के द्वारा किया गया, साथ ही साथ गुरु जी ने दैनिक उत्तर शक्ति को दिन दूनी रात चौगुनी तरक्की करने का आशिर्वाद प्रदान किया।

इस शुभ अवसर पर बायें से पत्रकार आनंद कुमार मिश्रा, त्रिभुवन नाथ पांडेय , दैनिक उत्तर शक्ति समाचार पत्र के संपादक ओमप्रकाश प्रजापति , परम पूज्य श्री प्रेमभूषण महाराज जी, उपसंपादक प्रेम चंद मिश्रा , वरिष्ठ पत्रकार ठाकुर लाल शेखर सिंह, आचार्य दिनानाथ शुक्ल, जगदीश तिवारी उपस्थित थे। बता दें परम पूज्य गुरु जी आओ गायें राम कथा घर-घर में इस आध्यात्मिक आंदोलन के प्रणेता मानस के सिद्ध साधक व्यवहार घाट के ओजस्वी प्रवक्ता पूज्य श्री प्रेमभूषण महाराज अपने भजन और भाव भंगिमा के द्वारा कथा गायन के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विख्यात है ऐसे पूज्य संतों द्वारा दैनिक उत्तर शक्ति का दिन दर्शिका का विवेचन किया गया । दैनिक उत्तर शक्ति परिवार धन्यवाद ज्ञापित करता है ।

## मुख्यमंत्री ने यादव संघ मुंबई को भूमि आवंटन करने का दिया आश्वासन



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** महाराष्ट्र राज्य के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से उत्तर भारतीय समाज के वरिष्ठ नेता एंव महाराष्ट्र राज्य के पूर्व गृहराज्य मंत्री कृपाशंकर सिंह के साथ यादव संघ,मुंबई के सचिव दीपक सभाजीत यादव की मुंबई स्थित मुख्यमंत्री निवास पर सामाजिक कार्यों को लेकर सकारात्मक भेंट हुई।इस अवसर पर वाराणसी स्थित पिंडरा विधानसभा के विधायक अवधेश सिंह मौजुद रहे।यादव संघ मुंबई की तरफ से मुख्यमंत्री महोदय को मुंबई एंव ठाणे के आस पास सामाजिक कार्य हेतु भूमि आवंटन के लिए ज्ञापन दिया गया,जिस पर मुख्यमंत्री ने सकारात्मक आश्वासन देते हुए कहा कि यादव संघ मुंबई को सामाजिक कार्य करने के लिए भूमि का आवंटन किया जायेगा।दीपक यादव ने कहा कि यादव संघ मुंबई के अध्यक्ष अजय सीताराम यादव के कुशल दिशा निदेशों पर यादव संघ मुंबई सकारात्म कार्य करता रहेगा।यादव संघ मुंबई को भूमि आवंटन का ठोस आश्वासन देने के लिए यादव संघ मुंबई और समाजसेवी रामउजागिर यादव, समाजसेवी विजय यादव, यादव संघ मुंबई के ट्रस्टी गिरजाशंकर यादव,वरिष्ठ पत्रकार विनोद यादव, अधिवक्ता एल.बी. यादव,लक्ष्मीशंकर यादव, रामशरण यादव,शिवा यादव,कृष्ण कुमार यादव ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और महाराष्ट्र के पूर्व गृह राज्यमंत्री एंव दलगत राजनीति से ऊपर उठकर उत्तर भारतीय समाज के सभी वर्गों की हमेशा मदद करने वाले कृपाशंकर सिंह का आभार पूर्वक धन्यवाद माना है।

## बोईसर-पालघर पत्रकार संघ का 'पत्रकार दिवस' कार्यक्रम आज




**पालघर(उत्तरशक्ति/अजीत सिंह)।** पालघर जिले में पत्रकारिता एवं सामाजिक कार्यों में उत्कृष्ट भूमिका निभाने वाले पत्रकार संगठन बोईसर-पालघर पत्रकार संघ(रजि.) द्वारा सोमवार 6 जनवरी 2025 को ₹दर्पणकार₹ आचार्य स्व. बालशास्त्री जाम्भेकर की जयन्ती (पत्रकार दिन) पालघर जिले के बोईसर शहर अंतर्गत पानी टांकी के पास स्थित टीमा हॉल में गणमान्यों व पत्रकारों की विशेष उपस्थिति में मनाई जायेगी। उक्त आशय की जानकारी साझा करते हुए पत्रकार संघ के अध्यक्ष रामप्रकाश निराला ने बताया कि पिछले वर्षों की भांति इस वर्ष भी संघ की ओर से मान्यवरों के शुभ हाथों से समाज के लिए मिशाल बने एनसीसी कैडेट पवन जयस्वाल को विशेष जीवन रक्षक पुरस्कार - 2024 से सम्मानित किया जायेगा। बतादें कि पिछले अगस्त माह की शनिवार 03 तारीख को सुबह 6.20 बजे सेंट जॉन्स कॉलेज की छात्रा एक लोकल ट्रेन से टकरा गई थी जिसकी वजह से उसके सिर में गंभीर चोट लगने कारण वह अचेत अवस्था में चली गई थी। इस दौरान उस छात्रा की मदद के लिए कोई आगे नहीं आया।

उस स्थित में पालघर एनसीसी कैडेट के पवन जयस्वाल ने तुरंत छात्रा को ईलाज हेतु बोईसर के संजीवनी अस्पताल में भर्ती कराया था जिससे उस छात्रा की जान बच पाई थी। इसी लिए बोईसर-पालघर पत्रकार संघ(रजि.) द्वारा पत्रकार दिन के अवसर पर मान्यवरो के हाथों से उनका सत्कार किया जायेगा। इस अवसर पर अनेक मिडियाकर्मी तथा गणमान्य व्यक्तियों के उपस्थित रहने की जानकारी पत्रकार संघ अध्यक्ष रामप्रकाश निराला ने दी।

## चिकन विक्रेता पर जानलेवा हमला करने वालों की गिरफ्तारी नही

### पीड़ित परिवार डर के साया में जीने को मजबूर



**डोंबीवली(उत्तरशक्ति)।** मानपाड़ा थाना क्षेत्र के कोलेगाव में एक चिकन विक्रेता पर धारदार हथियार से हमला किए जाने का मामला सामने आया है। दुकान पर चिकन लेने को लेकर हुए विवाद में कुछ लोगों ने चिकन विक्रेता सुशील सिकदर की बुरी तरह पिटाई कर दी। इस घटना में मानपाड़ा थाने में विष्णु म्हात्रे और अजिंक्य म्हात्रे सहित तीन से चार लोगों पर मामला दर्ज किया गया है।पुलिस रिपोर्ट के मुताबिक मारपीट की यह घटना बीते 29 दिसंबर की है, लेकिन एक हफ्ता बीत जाने के बावजूद इस मामले में पुलिस ने अभी तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं की, जिससे सुशील सिकदर और उनके परिवार के लोग भयभीत हैं। जानकारी के मुताबिक घटना वाले दिन शाम 7 बजे आरोपी विष्णु म्हात्रे दुकान पर चिकन लेने आया था। कलेजी चिकन को लेकर मामूली विवाद हुआ, जिसमें आरोपी विष्णु ने दुकान में काम करने वाले इस्माइल नामक युवक के साथ गालीगलौज की।

उसके कुछ देर बाद विष्णु उसका बेटा अजिंक्य और उनके कुछ साथियों ने धारदार हथियार और बैट से चिकन विक्रेता सुशील पर हमला कर दिया। इस घटना को एक सप्ताह का समय बीत चुका है लेकिन अभी तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने से सुशील और उनका परिवार डर के साये में जी रहा है। सुशील के परिवार वालों का आरोप है कि आरोपी उनपर केस पीछे लेने के लिए दबाव बना रहे है और धमका रहे है। आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग सुशील के परिवार वालों ने की है। इस मामले में जांच अधिकारी से संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन संपर्क नही हो पाया।

## पूजा टीवी 24 कैलेंडर 2025 का किया गया भव्य उद्घाटन व पत्रकारों का सम्मान समारोह

**आचार्य सूरजपाल यादव**

**भिवंडी (उत्तरशक्ति)।** भिवंडी में यूट्यूब चैनल के माध्यम से शहर की खबरों को दशार्ने वाले पत्रकार परशुराम पाल द्वारा पूजा टीवी 24 दिनदर्शिका 2025 का विमोचन कार्यक्रम स्व.परशुराम टावरे स्टेडियम स्थित स्विमिंग पुल प्रांगण में किया गया । बतादें कि परशुराम पाल पत्रकारिता के साथ समाजसेवा के लिए एक चर्चित पत्रकार के रुप में अपना नाम दर्ज कर लिये हैं । चाहे भिवंडी महानगर पालिका के नाला सफाई में भ्रष्टाचार का मामला हो या फिर बरसात में सड़क पर हुये गड्ढों के भरने का मामला हो उन्होंने सड़क पर गड्ढों में पानी भरे कीचड में लोट पोट आंदोलन भी कर चुके हैं । कैलेंडर विमोचन के साथ पत्रकारिता दिवस के शुभ अवसर पर एडवांस में पत्रकारों का स्वागत सत्कार और लेखन सामग्री का वितरण किया ।इस अवसर पर आए हुए मुख्य अतिथियों में भाजपा के भिवंडी महासचिव राजू गाजेगी कांग्रेस के पूर्व नगरसेवक वसीम अंसारी , अनीस मोमिन , भ्रष्टाचार विरोधी समिति के ठाणे जिलाध्यक्ष तुफैल फारुकी , कांग्रेस के वरिष्ठ नेता परवेज खान (पी के), पीपल्स पार्टी अल्पसंख्यक भिवंडी शहर अध्यक्ष पत्रकार मोहम्मद गनी खान समाजसेवक श्रीनिवास मेरगू , राष्ट्रीय समाज पक्ष के शिवम मिश्रा , आचार्य सूरजपाल यादव , जितेन्द्र तिवारी , महेन्द्र सरोज आदि के हाथों पूजा टीवी 24 कैलेंडर 2025 का भव्य उद्घाटन किया तथा पत्रकारों का स्वागत सम्मान किया गया ।



इस अवसर पर पत्रकार अभिजीत , पत्रकार अनिल वर्मा , पत्रकार अनिल गजरे , पत्रकार संदीप गुप्ता , अरविंद जैस्वार , मुस्ताक हाशमी, रमन पंडित , शाबान शेख , राजेश यादव , नकी हसन, दीपक विश्वकर्मा, नईम अंसारी , सुदर्शन पाल , मेहदी हसन मंसूरी , इलियास शेख , युसूफ मंसूरी , अरुण मिश्रा , लवलेश सुतार , मुबारक खान , भूपेंद्र अंबावने , अब्दुल्लाह अंसारी , जीशान सैयद , राजू पाल, रेशमा अंसारी, नेहा अंसारी, परवीन खान, नीलम तिवारी आदि भारी संख्या में पत्रकार व नागरिक उपस्थित थे । आये हुये अतिथियों का परशुराम पाल ने शाल व पुष्पगुच्छ एवं लेखन सामग्री देकर स्वागत सत्कार किया । कार्यक्रम का सूत्र संचालक वरिष्ठ पत्रकार खान फखरे आलम ने किया।

**उत्तरशक्ति**

* संपादकः ओमप्रकाश प्रजापति
* उप संपादकः प्रेम चंद मिश्रा
*प्रबंध संपादकः डा. शेषधर बिन्द

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है।

**पत्राचार कार्यालय :**

उत्तरशक्ति (हिंदी दैनिक)

मुंबई-पूणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5, ए-337 ट्रक टर्मिनल डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल ऑटाफ हिल वडाला, मुंबई-37

मो.- 9554493941

email ID- uttarshaktinews@gmail.com




**स्वामीः शरद फागूराम प्रजापति, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति** द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, यूनिट क्रमांक 4, तल मजला, एन.के. इंडस्ट्रियल स्टेट, आरे रोड, प्रवासी इंडस्ट्रियल एस्टेट, जवल, गेट क्रमांक 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई-400063, महाराष्ट्र से मुदित एवं के-4, रूम नं. 8, ग्राउंड फ्लोर न्यू समता सहकारी को.ऑ. हां. सोसाइटी, एमएमआरडीए कॉलोनी कंजूरमार्ग (वेस्ट), जिला मुंबई- 400078, महाराष्ट्र से प्रकाशित। RNI NO. MAHHIN/2018/76092 * **संपादक- ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति**, विश्व समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के लिए उत्तरदाई तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद मुंबई न्यायालय के अधीन होंगे।
**पत्राचार कार्यालयः** मुंबई-पूणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5 ए-337 ट्रैक टर्मिनल, डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल, ऑटाफ हिल, वडाला मुंबई -37, **मो.-** 9554493941 **email ID- uttarshaktinews@gmail.com**

## युवक पर बाघ ने किया हमला, गंभीर रूप से घायल

**लखीमपुर खीरी (उत्तरशक्ति)।** लखीमपुर खीरी में एक युवक पर बाघ ने हमला कर दिया। बाघ के हमले से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों के शोर मचाने पर बाघ युवक को छोड़ कर भाग गया। ग्रामीण घायल युवक को सीएचसी लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद युवक को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घटना तिकुनिया कोतवाली क्षेत्र के बाबा पुरवा गांव के पास की है। गांव के प्रधान पति मोहम्मद मियां ने बताया कि एक युवक जो कि मानसिक रूप से विक्षिप्त है, जो गांव के आसपास घूमा करता था, उस पर बाघ ने हमला कर दिया। स्थानीय लोगों के शोर मचाने पर बाघ भाग गया। घायल युवक को इलाज के लिए सीएचसी भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद युवक को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## पत्तल के गोदाम में लगी आग,लाखों का हुआ नुकसान

**वाराणसी(उत्तरशक्ति)।** रामनगर के किला मार्ग पर स्थित मनसा देवी मंदिर के पास गली में विजय कुमार गुप्ता के मकान के भूतल पर पत्तल दोना के गोदाम में बीती आधी रात को लगी भीषण आग में लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। सूचना मिलने के कुछ देर बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंची और लगभग दो घंटा के अथक प्रयास के बाद आग पर काबू पाया गया लेकिन तब तक गोदाम में रखा सारा सामान जल चुका था। विजय कुमार गुप्ता ने अपने भूतल वाले भाग का एक कमरा पठारी टोला निवासी अशोक गुप्ता को किराए पर दे रखा है। इसमें अशोक ने पत्तल, दोना और कागज से संबंधित सामान रखे थे। रात्रि लगभग डेढ़ बजे शॉर्ट सर्किट से गोदाम में आग लग गई। आग लगने की जानकारी तब हुई जब ऊपर कमरे में सो रहे मकान मालिक विजय के परिवार में किसी सदस्य को कमरे में धुंआ की गंध लगी। किसी अनहोनी की आशंका से परिवार के मुखिया विजय और महिलाएं जागने के बाद देखा कि उनके मकान के भूतल वाले भाग में आग लगी है। आग लगते देख सभी छत पर पहुंचे और चिल्लाने लगे। मुहल्ले के लोग भी जाग गए। मकान मालिक ने किराएदार अशोक गुप्ता को सूचना दी। मौके पर पहुंचे अशोक ने पुलिस और फायर ब्रिगेड को आग लगने की सूचना दी। थाना प्रभारी निरीक्षक राजू सिंह, चौकी प्रभारी कुमार गौरव सिंह मय पुलिसकर्मी मौके पर पहुंच गए।दुकानदार का कहना था कि इस आग में लगभग पांच लाख से अधिक का नुकसान हुआ है। आग लगने का कारण विद्युत शॉर्ट सर्किट होना बताया जा रहा है।

## फंदे से लटकती मिली युवक की लाश

**मऊ(उत्तरशक्ति)।** मऊ के मुहम्मदाबाद गोहना कोतवाली क्षेत्र नाजोपट्टी वॉर्ड के अंसार नगर मुहल्ला निवासी एक युवक का शव रविवार की सुबह उसके कमरे में ही फंदे से लटकता मिला। घटना की जानकारी उस समय हुई जब युवक के कमरे की सफाई करने गई महिला के कई बार आवाज देने के बाद दरवाजा नहीं खुला। खिड़की से देखने पर इस घटना की जानकारी महिला के शोर मचाने पर जानकारी परिजनों को हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। घटना से पहले युवक टहलने निकला था। मृतक की पहचान आजमगढ़ के कप्तानगंज थाना क्षेत्र के सेमरा बढ़ई गांव निवासी प्रेमचंद उर्फ रोहित विश्वकर्मा पुत्र मोतीलाल के रूप में हुई। प्रेमचंद्र मुहम्मदाबाद गोहना कोतवाली क्षेत्र के नाजोपट्टी वॉर्ड के अंसार नगर मुहल्ला स्थित अपने फूफा के घर रहकर बढ़ई का काम करता था। रविवार को सुबह वह रोज की तरह टहलने निकला और लोगों को दुआ-सलाम करते हुए वापस घर गया। जहां उसने अपने कमरा को अंदर से बंद कर एंगल पर फंदा बनाकर फांसी लगा ली। कुछ देर बाद उसके फूफा के परिवार की एक महिला कमरे में झाड़ू लगाने पहुंची तो प्रेमचंद्र के कमरे को दरवाजा बंद देखकर उसे आवाज दी। कई बार बोलने के बाद उसके द्वारा कोई जवाब न देने पर जब उसने खिड़की से देखा तो उसका शव एंगल से लटक रहा था। महिला ने शोर मचाया तो परिवार वाले पहुंचे और पुलिस को सूचना दिया। मौके पर पुलिस पहुंची और फॉरेंसिक टीम को सूचना दी गई। युवक की आत्महत्या की जानकारी पर क्षेत्राधिकारी एसपी पांडे और कोतवाल रविंद्र नाथ राय मौके पर पहुंचे। जिला मुख्यालय से फॉरेंसिक टीम भी पहुंची और कमरे के अंदर संदिग्ध वस्तुओं की जांच किया। पुलिस ने शव का पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक के कमरे में उसके शव के ठीक सामने की अलमारी में चालू हालत में रखा मोबाइल मिला है, जिसमें दर्जनों मिसकॉल हैं। मोबाइल को कब्जा में लेकर जांच की जा रही है। लाश की स्थिति और हालात देखते हुए मामला आत्महत्या का ही लग रहा है।

## नए साल के पहले जनता दर्शन में गोरखनाथ मंदिर पहुंचे सीएम योगी

**गोरखपुर(उत्तरशक्ति)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को कड़ाके की ठंड के बावजूद नए साल के पहले जनता दर्शन में गोरखनाथ मंदिर पहुंचे और लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं एवं संतुष्टिपरक समाधान का भरोसा दिया। दरअसल, सीएम योगी गोरखपुर दौरे पर है। आज दौरे के दूसरे दिन हमेशा की तरह सीएम योगी ने गोरखनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की और इसके बाद जनता दर्शन किया। जनता दर्शन में योगी ने करीब 150 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। जनता दर्शन के दौरान सीएम योगी खुद लोगों के पास गए और सबकी समस्या सुनीं। उन्होंने सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। उन्होंने सबको आश्वस्त किया कि किसी के साथ नाइंसाफी नहीं होगी। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को हिदायत दी कि हर पीड़ित की समस्या पर तत्काल कार्रवाई होनी चाहिए। मुख्यमंत्री योगी के समक्ष जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। उनके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन में उपलब्ध कराया जाए। राजस्व व पुलिस से जुड़े मामलों को उन्होंने पूरी पारदर्शिता व निष्पक्षता के साथ निस्तारित करने का निर्देश देते हुए कहा कि किसी के साथ भी अन्याय नहीं होना चाहिए।

## पशु तस्करी की सूचना पर पहुंची पुलिस, गोवंश छोड़ भागे तस्कर

**आजमगढ़(उत्तरशक्ति)।** आजमगढ़ के सिधारी थाना क्षेत्र के बिहरोजपुर गांव में पशु तस्करी की सूचना पर विश्व हिंदू महासंघ व गोरक्षा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी मौके पर पहुंच गए। वहीं, सूचना मिलते ही सिधारी थाने की पुलिस भी पहुंच गई। टीम को एक बाग में एक साथ करीब एक दर्जन गाय पेड़ से बंधे मिले। पदाधिकारियों ने इस मामले में सिधारी थाना प्रभारी से शिकायत दर्ज कराई और कार्रवाई करने की मांग की। विश्व हिंदू महासंघ, गोरक्षा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी आशीष कुमार पांडेय ने बताया कि वह गो रक्षा के लिए अपने साथियों के साथ मिलकर काम करते हैं। उन्होंने बताया कि सिधारी थाना क्षेत्र के बिहरोजपुर गांव में गो तस्करी की सूचना मिल रही थी। सूचना मिलते ही वह मेंहनजापुर से सीधे बिहरोजपुर गांव में अपने दल के साथ पहुंचे।

## समाजसेवा के कार्यों से मन को सुखद अनुभूति : ज्ञान प्रकाश सिंह

### जौनपुर पत्रकार संघ द्वारा 200 जरूरतमंदों को कंबल वितरित



**जौनपुर(उत्तरशक्ति)।** समाजसेवा के कार्यों से मन को जो सुखद अनुभूति मिलती है, उसे शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता। उक्त विचार प्रसिद्ध उद्योगपति एवं समाजसेवी ज्ञानप्रकाश सिंह ने जौनपुर पत्रकार संघ द्वारा आयोजित कंबल वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रकट किया। उन्होंने कहा कि जौनपुर पत्रकार संघ द्वारा कोरोना के समय गरीबों को खाद्यान्न वितरित करके समाजसेवा का जो कार्य किया है वह अत्यंत सराहनीय है। पत्रकारों द्वारा अपने सामाजिक दायित्वों के प्रति अत्यंत सजग है। विशिष्ट अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि जौनपुर पत्रकार संघ द्वारा समाजसेवा का जो उदाहरण प्रस्तुत किया वह अन्य जनपदों में देखने को नहीं मिलती। वैसे पत्रकार केवल समाचार संकलन व प्रकाशन तक ही सीमित रहता है किन्तु यहां के पत्रकार अपने सेवा कार्यों से समाज को प्रेरणा देते हैं।उन्होंने समाजसेवी ज्ञानप्रकाश सिंह की सराहना करते हुए कहा कि वे सामाजिक कार्यों में सम्राट हर्षवर्धन की भांति मुक्त हस्त से धन का दान करते हैं। दूसरे विशिष्ट अतिथि प्रदीप सिंह सफायर ने जौनपुर पत्रकार संघ के सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए यथा संभव सहयोग करने का संकल्प लिया। जौनपुर पत्रकार संघ के संरक्षक ओमप्रकाश सिंह ने कहा कि गरीबों को परमात्मा का स्वरूप समझकर उनकी सहायता करनी चाहिये। समाजसेवा में व्यय किया गया धन ही उसका सदुपयोग है अन्यथा वह नष्ट हो जाता है। कार्यक्रम के आरंभ में अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलन किया गया। आगन्तुकों का अभिवादन जौनपुर जौनपुर पत्रकार संघ के अध्यक्ष शशिमोहन सिंह क्षेम तथा संचालन महामंत्री मधुकर तिवारी ने किया। कार्यक्रम में 200 कंबल वितरित किया गया। उक्त अवसर पर रामदयाल द्विवेदी, लोलारख दुबे, भारतेन्दु मिश्र, वीरेन्द्र मिश्र विराट, रामश्रृंगार शुक्ल गदेला, अर्जुन शर्मा, राधा कृष्ण शर्मा, अनिल पांडेय, राजेश मौर्य, विनोद विश्वकर्मा, रूपा गुप्ता सभासद, प्रकाश चन्द्र शुक्ल, राजन पाल आदि मौजूद रहे।

## टेराकोटा की बोतल में गंगा जल का सेवन करेंगे संत

**आजमगढ़।** आजमगढ़ के निजामाबाद कस्बे के हस्त शिल्प कलाकार ब्लैक पॉटरी को आज पूरे देश में पहचान बना चुके हैं। उनके द्वारा टेरा कोटा के बर्तन भी बनाए जाते हैं। ब्लैक पॉटरी के बाद अब टेरा कोटा भी हस्त शिल्प कलाकारों की आमदनी का जरिया बना गया है। अब महाकुंभ में उनके द्वारा निर्मित टेरा कोटा की बोतलों में साधु-संतों को गंगा जल प्रदान किया जाएगा। इसके लिए हस्तशिल्प कलाकारों को 1000 बोतलों का ऑर्डर मिला है। निजामाबाद कस्बे में एक जिला एक उत्पाद के द्वारा चयनित निजामाबाद की ब्लैक पॉटरी सीएफसी कॉमन फैसिलिटी सेंटर का निर्माण कराया गया है। इस कॉमन फैसिलिटी सेंटर में सैकड़ों की संख्या में हस्तशिल्प कलाकार सुबह से लेकर शाम तक मिट्टी के बर्तन की कलाकृति को बनाने का काम करते हैं। उप्र के मुख्यमंत्री द्वारा कॉमन फैसिलिटी सेंटर का उद्घाटन में किया गया था। प्रयागराज में लगने वाले महाकुंभ में इस वर्ष भारत सरकार वस्त्र मंत्रालय द्वारा महाकुंभ में प्रत्येक साधु संतों को और मेले में आने वाले सम्मानित लोगों को शुद्ध गंगाजल भेंट करने के लिए निजामाबाद के राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त हस्तशिल्प कलाकार सोहित कुमार प्रजापति को 1000 बोतल का ऑर्डर मिला है। कुंभ में तत्काल ऑर्डर मिलने से निजामाबाद के हस्तशिल्प कलाकारों के चेहरे पर खुशी आ गई है। साधु-संतों के चरणों तक निजामाबाद की मिट्टी की तैयार की गई पानी की बोतल पहुंचेगी। इस पानी की बोतल में गंगाजल भरकर जूट के बैग में रखकर हर कैंप तक उसे पहुंचाया जाएगा।


## भाजपा प्रदेश कार्यालय पर वसईकर का पक्ष प्रवेश



**वसई रोड।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़नवीस के नेतृत्व में विश्वास करते हुए और विकास कार्यों से प्रभावित होकर, वसई विधानसभा आमदार स्नेहा दुबे पंडित ने वसई विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न दलों के 300 से अधिक कार्यकताओं ने आज पूर्व मंत्री डोंबिवली विधानसभा विधायक रवींद्र चव्हाण और संगठन के साथ भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय, नरीमन पॉइंट मुंबई का दौरा करके प्रदेश प्रभारी रवीन्द्र चव्हाण की उपस्थिति में सार्वजनिक रूप से भाजपा परिवार में 300 से अधिक अन्य पार्टी कार्यकर्ता पदाधिकारी का प्रवेश काराया जिसमे। शिव सेना उध्दव बाळासाहेब ठाकरे ग्रुप के नायगांव प्रभाग प्रमुख नंद कुमार पाटिल, उप प्रभाग प्रमुख रंजीत प्रकाश किनी, उप प्रभाग प्रमुख प्रवीण घाडंगले, प्रवेश दुबे, बहुजन विकास अघाड़ी के मनोज गुप्ता, दिनेश म्हात्रे, कल्पेश पाटिल, प्रमोद रसाल, ज्योति सिंह, कमलेश भोईर, सुहास घाडगे , मुकेश सरोज, महेश तिवारी, आशीष मिश्रा, अंकित दुबे, सचिन तिवारी, ऋषि पांडे, सामाजिक कार्यकर्ता मिकी आनंद आदि कार्यकताओं ने भाजपा परिवार में प्रवेश किया। इस अवसर पर सभी का भाजपा परिवार में स्वागत किया गया और पार्टी की विचारधारा तथा देश व समाज हित में कार्य करने की कामना की गयी। मौके पर मेरे साथ क्षेत्रीय सदस्य बिजेंद्र कुमार, जिला उपाध्यक्ष मेथ्यु कोलसो ,राजू म्हात्रे, जीतेन्द्र पाटिल, मुकुंद मुले, बोर्ड अध्यक्ष सूर्यकांत वाघमारे, सोशल मीडिया क्षेत्रीय सदस्य मयंक शेठ, अशोक यादव, बिपिन मिश्रा सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## तानसेन महफिल सीजन - 16 में छाया बच्चों का जलवा

**पटना (उत्तरशक्ति)।** तानसेन स्कूल ऑफ म्यूजिक के बैनर तले रविवार को जगजीवन राम ऑडिटोरियम में महफिल सीजन - 16 का आयोजन किया गया। इसमें संस्थान सभी ब्रांच के सैकड़ों बच्चों ने हिस्सा लिया। सिंगिंग, डांसिंग और म्यूजिक में बच्चों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी जिसे देख अभिभावकों के चेहरे खिल उठे। कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत संस्थान के सीईओ कैप्टन आशुतोष कुमार एवं निदेशक वंदना कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर की गई। इसके बाद मंच पर नन्हें - मुंहे बच्चों के बेहतरीन परफॉरमेंस ने सब का मन मोह लिया। इस अवसर पर तानसेन स्कूल ऑफ म्यूजिक के सीईओ कैप्टन आशुतोष कुमार ने कहा कि बच्चों में पढ़ाई के साथ क्रिएटिविटी बहुत ही जरुरी है, तभी वे अन्य क्षेत्रों में आगे बढ़ पाएंगे। उन्होंने कहा कि इस संस्थान से प्रशिक्षित छात्र - छात्राएं स्कूलों, टीवी एवं रियलिटी शो सहित अन्य मंचों पर बेहतर प्रदर्शन कर अपना भविष्य संवार रहे हैं। कैप्टन आशुतोष कुमार ने बताया कि 250 से अधिक छात्रों के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए, इस कार्यक्रम का अनूठा पहलू यह है कि बच्चों को अपने प्रदर्शन को स्वतंत्र रूप से कोरियोग्राफ करना होता है जिससे उनकी रचनात्मकता को बढ़ावा मिलता है और उनका आत्मविश्वास बढ़ता है। ऐसे समय में जब माता - पिता अक्सर अधिक पारंपरिक




करियर पथों की ओर झुकते हैं, तानसेन बच्चों में नेतृत्व के गुणों को विकसित करने के महत्व को पहचानता है। कार्यक्रम के दौरान प्रदर्शित उल्लेखनीय प्रतिभाएँ जैसे सगुणा शाखा से कनिष्क पुरी, वेदिका सिन्हा और मिथरिया कश्यप, आशियाना शाखा से उज्जवल, शैल नंदनी, समृद्धि वेदिता पाटलिपुत्र शाखा से कार्तिक केशियान, निकिशा अन्या, सिरिशा अग्रवाल, प्रसून, हेताक्ष, नायरा परवेज, पार्थवी, रिधिमा नारायण, कंकड़बाग से शगुन, वाणी, अंश रंजन, श्रीजा गोला रोड से रुद्राक्ष, अनन्या तिवारी, शानवी पांडे, ज्ञानवी पांडे, सानिधि केशरी, वेदांश, कुमारी यशका, दिशिता मायरा, आराध्या सूर्यवंशी, रूपा सिन्हा, कृष्णा काव्य, प्रज्ञा, सेजल ने तानसेन के मार्गदर्शन में निखारी गई असाधारण क्षमताओं का प्रदर्शन किया।

## रोडवेज परिचालक ने की आत्महत्या, परिजनों का हंगामा



**अलीगढ़ (उत्तरशक्ति)।** अलीगढ़ में थाना टप्पल क्षेत्र के दुगार्पुर-जट्टारी में बुद्धविहार डिपो के परिचालक पुष्पेंद्र कुमार (30) ने 3 जनवरी रात अपने घर में फंदे पर लटक कर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने इस घटना के लिए रोडवेज अफसरों को जिम्मेदार ठहराया है। वे शव को लेकर बुद्ध बिहार रोडवेज वर्कशॉप पहुंच गए। वहां हंगामा करते हुए कार्रवाई की मांग की। पुलिस व रोडवेज के अफसरों ने परिजनों को कार्रवाई व मदद का आश्वासन देकर शांत कराया। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है, इसकी रिपोर्ट का इंतजार है। दुगार्पुर-जट्टारी निवासी पुष्पेंद्र कुमार पुत्र वीर सिंह बुद्ध विहार डिपो में परिचालक के पद पर कार्यरत थे। 3 जनवरी देर रात पुष्पेंद्र ने अपने घर में कमरे में फंदे पर लटक कर आत्महत्या कर ली। सुबह परिजनों को जानकारी हुई तो घर में कोहराम मच गया। इसके बाद परिजन दोपहर बाद पुष्पेंद्र के शव को लेकर अलीगढ़ सारसौल स्थित रोडवेज के बुद्ध विहार डिपो के वर्कशॉप पर पहुंच गए। उन्होंने गेट पर शव को रखकर धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया। कुछ कर्मचारी भी परिजनों के पक्ष में आ गए। इस दौरान उन्होंने वर्कशॉप में आने व जाने वाली बसों को निकलने नहीं दिया। परिजनों ने आरोप लगाया कि 16 नवंबर को पुष्पेंद्र का लोड फैक्टर कम होने के कारण हाथरस डिपो स्थानांतरित कर दिया गया। वहां भी उसे ज्वाइनिंग नहीं दी गई। फिर 19 दिसंबर को उसे वहां से वापस बुद्धविहार डिपो भेज दिया गया। आरोप है कि वह अफसरों के पास ज्वाइनिंग के लिए चक्कर काटता रहा, लेकिन उससे बदले में 60 हजार रुपये की मांग की जाती रही। आरोप है कि पहले भी पुष्पेंद्र से छह लाख रुपये ले लिए गए थे। परिजन रोडवेज अफसरों पर कार्रवाई व मुकदमा दर्ज करने की मांग कर रहे थे। हंगामा व प्रदर्शन की खबर पर बन्नादेवी पुलिस मौके पर आ गई। पुलिस व रोडवेज अफसरों ने परिजनों को कार्रवाई का आश्वासन दिया। उन्हें भरोसा दिलाया गया कि मृतक आश्रितों को अनुमन्य अनुग्रह धनराशि प्रदान की जाएगी। परिजनों के आरोप बेबुनियाद हैं। शराब की लत के कारण पुष्पेंद्र लगातार नौकरी से गायब रहता था। लोड फैक्टर कम होने के कारण उसका हाथरस स्थानांतरण कर दिया गया था, लेकिन वह वहां भी काम नहीं कर रहा था। इसलिए उसे वापस बुद्धविहार डिपो भेज दिया गया था। पुष्पेंद्र ने किन कारणों से आत्महत्या की यह पुलिस जांच का विषय है ? परिजनों को नियमानुसार आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।- सत्येंद्र वर्मा, क्षेत्रीय प्रबंधक, रोडवेज अलीगढ़ परिक्षेत्र।परिजनों ने पुष्पेंद्र की आत्महत्या के लिए रोडवेज अफसरों को जिम्मेदार बताया है। इसको लेकर ही उन्होंने प्रदर्शन किया था। परिजनों को कार्रवाई का भरोसा दिलाया गया है। अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।

## गांधी प्रतिमा के समक्ष उपवास पर बैठे लोग,मांझे के खिलाफ आवाज उठाई

**वाराणसी (उत्तरशक्ति)।** महामृत्युंजय मंदिर के महंत एवं सपा नेता किशन दीक्षित के नेतृत्व में काशीवासियों ने रविवार को टाउन हॉल के गांधी प्रतिमा के समक्ष उपवास रखकर कातिल मांझे के खिलाफ आवाज मुखर की। लोगों ने मुंह पर काली पट्टी और हाथों में तख्तियों के जरिये कातिल मांझा के खिलाफ मोर्चा खोला। किशन दीक्षित ने कहा कि आए दिन कातिल मांझे की खबरें सुनने को मिलती हैं। कई लोग घायल हो रहे हैं, कई जान गंवा रहे हैं। लेकिन सवाल यह है कि जब कानून ने कातिल बने चाइनीज मांझे पर रोक लगाई है, तो यह बिक कैसे रहा है? सरकार और प्रशासन के अधिकारी इस मुद्दे पर गंभीर नहीं हैं। पूर्व पार्षद मनोज यादव ने कहा कि कातिल मांझे के कारण कई परिवारों को दर्द और पीड़ा का सामना करना पड़ रहा है। कई लोगों के घर के दीपक बुझ गए हैं। लेकिन इसके बावजूद भी शासन, सत्ता और अधिकारी इस मुद्दे पर चुप हैं। यह समय है जब हमें अपने सत्ता और अधिकारियों से सवाल पूछने चाहिए। कहा कि हमें उनसे पूछना चाहिए वे कातिल मांझे की बिक्री पर रोक लगाने के लिए क्या कर रहे हैं। हमें उनसे पूछना चाहिए कि वे लोगों की जान की परवाह क्यों नहीं करते हैं। यह समय है जब हमें एकजुट होकर अपने अधिकारों की लड़ाई लड़नी चाहिए। उपवास पर बैठे राहुल गुप्ता, अनिल यादव, अमित चौबे, राघव यादव सहित अन्य लोगों ने मांग की कि सरकार मांझे की बिक्री पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाए और इसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करे। लोगों ने कहा कि वे मांझे के खिलाफ लड़ते रहेंगे और इसके खिलाफ कार्रवाई की मांग करते रहेंगे।

## श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के पावन प्रकाश उत्सव पर्व पर निकाली गई शोभायात्रा

**बलिया(उत्तरशक्ति)।** सिखों के दसवें गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के पावन प्रकाश उत्सव पर्व पर रविवार को नगर में धूमधाम से मनाया गया। सिख समुदाय के लोगों ने गुरुद्वारा रोड स्थित गुरू दरबार से विराट शोभा यात्रा निकाली। शोभायात्रा की अगुवाई महाराज के पंज प्यारे कर रहे थे। शोभा यात्रा में आगे-आगे हाथी, घोड़े, ऊंट चल रहे थे। गुरू दरबार से निकाली गई शोभायात्रा कासिम बाजार चौराहा, टॉउनहाल, शिवमंगल सिंह चौराहा, स्टेशन रोड़, चौक, सिनेमा रोड, आदि स्थानों से होते हुए पुनः गुरू दरबार पहुंचकर समाप्त हुआ। शोभायात्रा में आगे चल रहे पंज प्यारों से पहले सिख समुदाय की महिलाएं अपने हाथों में झाड़ू लेकर मार्ग को साफ कर रही थीं। इस दौरान पानी का छिड़काव एवं पुष्प वर्षा किया जा रहा था। साथ ही महिलाओं की मंडली शबद- कीर्तन करते हुए महिलाएं आगे-आगे चल रही थीं। वहीं नागाजी सरस्वती विद्या मंदिर, महर्षि वाल्मीकि विद्या मंदिर के बच्चें अपनी झांकी के साथ आगे-आगे चल रहे थे। कटिहार बिहार से आए गतका पार्टी के सदस्यों ने शोभा यात्रा में आकर्षण का केंद्र रहे। इस दौरान उनके द्वारा विविध तरह का करतब भी दिखाया जा रहा था। गतका पार्टी के करतब को देख कर हर कोई मंत्रमुग्ध रहा। शोभा यात्रा के आगे विभिन्न प्रकार की झांकियां यात्रा को चार चांद लगा रही थी। नगर में निकाले गए शोभा यात्रा से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया।

## महाकुंभ मे श्रद्धालुओं को चार स्थानों से मेला क्षेत्र में होगी एंट्री

**प्रयागराज (उत्तरशक्ति)।** महाकुंभ के दौरान मुख्य स्नान पर्व पर श्रद्धालुओं को चार स्थानों से मेला क्षेत्र में प्रवेश दिया जाएगा। वह काली सड़क होकर संगम जा सकेंगे, जबकि वापसी त्रिवेणी मार्ग से कर सकेंगे। 13 जनवरी को पौष पूर्णिमा व 14 को मकर संक्रांति पर यही व्यवस्था लागू होगी। एसएसपी कुंभ राजेश कुमार द्विवेदी ने बताया कि मुख्य स्नान पर्व पर भीड़ अधिक होगी। इसी को देखते हुए मुख्य स्नान पर्व व सामान्य दिनों में मेला क्षेत्र के भीतर की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाए रखने के लिए अलग-अलग प्लान बनाए गए हैं। मुख्य स्नान पर्व पर मेला क्षेत्र में चार प्वाइंटों से एंट्री की जा सकेगी। इनमें जीटी जवाहर, हर्षवर्धन तिराहा, बांगड़ चौराहा व काली मार्ग-दो शामिल हैं। मेले के अंदर आने के बाद श्रद्धालु काली सड़क होकर काली रैंप से अपर संगम मार्ग होकर संगम जा सकेंगे। वापसी त्रिवेणी मार्ग से होगी। श्रद्धालुओं को वापसी के दौरान भी किसी तरह की समस्या न हो और वह अपने गंतव्य तक आसानी से पहुंच जाएं, यातायात



योजना तैयार करते वक्त इसका भी पूरा ख्याल रखा गया है। यही वजह है कि अलग-अलग दिशाओं से होकर जाने के लिए अलग-अलग योजना बनाई गई हैं। प्रयागराज जंक्शन या चौक की ओर जाने वाले त्रिवेणी मार्ग से फोर्ट रोड तिराहा, नए यमुना ब्रिज के नीचे से एडीसी तिराहा होकर गंतव्य की ओर जाएंगे। इसी तरह सिविल लाइंस की ओर जाने वाले फोर्ट रोड तिराहे से फोर्ट रोड होते हुए हर्षवर्धन तिराहे से होकर एमजी मार्ग होते हुए जाएंगे। अल्लापुर, दारागंज की ओर जाने वाले पाइप ब्रिज से होकर भेजे जाएंगे।

## समाधान दिवस का बहिष्कार कर लेखपालों ने दिया धरना

**बस्ती (उत्तरशक्ति)।** रुधौली, भानपुर (बस्ती)। गाजीपुर में लेखपाल पर एंटी करप्शन की कार्रवाई के विरोध में रुधौली, भानपुर सहित अन्य तहसील के लेखपालों ने शनिवार धरना-प्रदर्शन किया। संपूर्ण समाधान दिवस का बहिष्कार कर लेखपालों एवं राजस्व निरीक्षकों ने तहसील परिसर में धरना दिया और नारेबाजी की। एंटी करप्शन टीम की कार्रवाई को गलत बताते हुए गिरफ्तार लेखपाल को रिहा करने की मांग की। राजस्व निरीक्षकों व लेखपालों ने संयुक्त रूप से मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम आशुतोष तिवारी को सौंपा।



# नीता अंबानी के जन्मदिन पर होने जा रहा खर्च उचित नहीः प्रेमभूषण महाराज



नालासोपारा (उत्तरशक्ति)। पूज्यश्रीप्रेमभूषण महाराज ने मानस महाकुंभ के षष्ठम सत्र में भगवान के तप और त्याग की कथा में प्रवेश करते हुए कहा कि,कुल परंपरा का पालन करने के लिए त्याग और अर्पण करना होगा।जिस कार्य को देखकर जगत के साथ हमारे पितर भी प्रसन्न होते हो, जो धर्मपथ पर चलकर जो प्राप्त हो उसे सुकृत्य कहते हैं। धर्मपथ से अर्जित अर्थ ही सुख प्रदान करता है।धर्म से जीवन में वैराग्य की प्राप्ति होती है।छोटे छोटे व्यवहार में भक्ति माता को कभी नही बांधना चाहिए।पूज्यश्री ने मानस के सबरी प्रसंग के आश्रय में कहा कि भक्ति सबसे सरल है किंतु प्रवचन कर्ता संतों और कथाकारों ने इसे कठिन बना दिया है, कर्मकांड कठिन होता इसलिए कर्मकांडी लोग कर्मकांड न करने वालों की बुराई करते हैं इसलिए भक्त को इनसे बचते हुए भक्ति पथ पर निरंतर लगे रहना चाहिए। इस प्रसंग पर पूज्यश्री कबीर जी के प्रेरक भजन मोहे भावे न भक्ति भिलनिया की सुनाकर भाव विभोर कर दिया।पूज्यश्री ने कहा कि लोगों को बात बहुत जल्दी बुरी लगती है इसलिए उन्हें प्रसन्न रखने के लिए मीठा-मीठा बोलना चाहिए।जीवन मे कुछ भी प्राप्त करने के लिए विधार्थियों को शास्त्र में बताए गए पांच लक्षणों को स्मरण रखते हुए जीवन जीना चाहिए।देश में आरक्षण पर छाती पीटने बालों को पूज्यश्री ने संदेश देते हुए कहा कि, आरक्षण केवल नौकर बना सकती है, विद्ववान और प्रतिभावान नही बना सकती इसलिए आरक्षण का रोना बंद करके विद्यार्थियों को तप द्वारा ज्ञानार्जन करना चाहिए।रामजी के वनवास को भगवान की इच्छा बतलाते हुए पूज्यश्री ने कहा कि सबसे राय नही लेना चाहिए। प्रेम का परीक्षण कभी नही करना चाहिए।अकारण जो आपके आचार, विचार, व्यवहार पर प्रकाशित करता है वही आप को सच्चा प्रेम करता है।जिससे प्रेम हो उसके प्रति कोई भी बुराई कदापि न सुनी जाए। माताओं का प्रेम पहाड़ जैसा विशाल है,चाहे वह निज माता हो या गौ माता हो।स्पर्श दोष से सदैव बचना चाहिए।जीवन में रामराज्य की स्थापना के लिए एक भाई को राज सत्ता की व्यवस्था में तो दूसरे को वन की व्यवस्था में तपना होगा। हम तो हमारी मस्ती में बस झूमते चले हैं..पूज्यश्री ने श्रोताओं को इस मोहक भजन को सुना कर वर्तमान में जीने का शिक्षण प्रदान किया।

प्रेमभूषण महाराज की कथा गंगा तट पर केवट के निकट पहुंचती है जहाँ पूज्य महाराज जी ने भाव मे यह भजन सुनाया.. खड़े हैं दोनों भइया सुर सर तीर..जिससे उपस्थित जन सैलाब ध्यानस्थ हो गया।

जब तक भगवान स्वयं न जना दे तब तक भगवान के मर्म को कोई नही जान सकता।जीवन में कभी किसी कारण से दोष न लगाया जाए क्योंकि भगवान कुछ नही करते है वे सी.एम. डी ऑफ यूनिवर्स हैं जो कुछ करते हैं ब्रह्मा जी और शिवबाबा करते हैं।पूज्यश्री ने केवट की हठ भक्ति का मार्मिक चित्रण करते हुए कहा कि भक्ति में भोजन और विवेक की कोई बाध्यता नही है।भगवान के प्रसाद में श्रद्धा हो, देने का स्वभाव हो तो यह भी भक्ति है।नीता अंबानी के जन्मदिन पर कई सौ करोड़ खर्च की जो तैयारी हो रही है उसकी निंदा करते हुए कहा कि अनावश्य खर्च धर्म नहीं है।घर मे प्रेम न करने वाला मंदिर जाकर प्रेम कभी नही कर सकता। हँसी जीवन के लिए महौसधि है, न हँसने वाला व्यक्ति बहुत खतनाक होता है।

बिजेंद्र रामचंद्र सिंह के संयोजन और मुख्य यजमान श्रीमती मीरा बिजेंद्र सिंह के संकल्प से मानस महाकुंभ में पहुंचकर सुप्रसिद्ध गायिका स्वाती मिश्रा मुम्बई प्रधान गणेश अग्रवाल,ओमप्रकाश सिंह, राजेश एस. सिंह,त्रिभुवन पाण्डे,कुंवर संजय सिंह,नारायण सिंह,अजय सिंह,श्रीमती श्रद्धा प्रिंस सिंह,कुमारी शिवानी सिंह, प्रभात सिंह बब्लू,सतीश सिंह,राजेश पाण्डे,सुधाकर सिंह'विसेन,आर. डी. सिंह,'अवनीश सिंह, वरिष्ठ पत्रकार लालशेखर सिंह, लक्ष्मीकांत शुक्ला,सनी सिंह, महादेव सिंह,विशाल सिंह ननवग,त्रिभुवन पांडे, विजयभान सिंह रेखा गुप्ता, सरिता चौबे एवं दिनेशप्रताप सिंह आदि लोगों ने अवगाहन करते हुए अपना सौभाग्यवर्धन किया।

# चेंबूर के आवर लेडी ऑफ पापेर्चुअल सक्कर हाई स्कूल में 52वी जिलास्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी 7 जनवरी से

मुंबई। शिक्षा निरीक्षक बृहन्मुंबई उत्तर विभाग की ओर से ५२ वी जिलास्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन चेंबूर के आवर लेडी ऑफ पापेर्चुअल शक्कर हाई स्कूल में मंगलवार ७ जनवरी से ९ जनवरी तक आयोजित किया गया है। छात्र सतत भविष्य के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विषय पर आधारित अपनी प्रदर्शनी प्रस्तुत करेंगे। इस दौरान उद्घाटन निवृत्त प्रसिद्ध वैज्ञानिक डॉक्टर एस. रवि. के करकमलों द्वारा किया जायेगा। जबकि प्रमुख अतिथि के रूप में चेंबूर के विधायक तुकाराम काते शिक्षा निरीक्षक उत्तर विभाग के डॉक्टर मुश्ताक शेख , विभागीय शिक्षण उपसंचालक संदीप सांगवे हैं। बुधवार ८ जनवरी को यंत्र मानव इस विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया है। ९जनवरी को पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया है। शिक्षा निरीक्षक उत्तर विभाग की ओर से आयोजित की गई इस जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में बड़ी संख्या में स्कूल शामिल होंगे।

# जर्मनी में होने वाली बैठक में यूक्रेन सहयोगियों से हवाई सुरक्षा बढ़ाने का अनुरोध करेगा: जेलेंस्की

यूक्रेन ।यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि वह जर्मनी में इस सप्ताह होने वाली बैठक में अपने सहयोगियों से अपनी हवाई सुरक्षा बढ़ाने का आह्वान करेंगे। जेलेंस्की ने कहा कि जर्मनी के रामस्टीन वायुसेना ठिकाने पर बृहस्पतिवार को होने वाली रामस्टीन समूह की बैठक में दर्जनों साझेदार देश हिस्सा लेंगे, ह्यह्यजिनमें वे देश भी शामिल होंगे जो न केवल मिसाइलों से बचाव के लिए, बल्कि निर्देशित बमों और रूसी विमानन के खिलाफ भी हमारी क्षमताओं को बढ़ाने में मदद कर सकते हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति ने शनिवार को अपने रात्रिकालीन संबोधन में कहा, हम उनके साथ इस पर चर्चा करेंगे और उन्हें मनाने का प्रयास जारी रखेंगे। हमारा लक्ष्य अब भी हमारी वायु रक्षा को मजबूत करना है। अमेरिका के रक्षामंत्री लॉयड जे. ऑस्टिन इस बैठक में भाग लेंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन अक्टूबर में रामस्टीन में होने वाले शिखर सम्मेलन में भाग लेने वाले थे, लेकिन अमेरिका में आए तूफान मिल्टन के कारण वह शामिल नहीं हो सके। जेलेंस्की यह मांग ऐसे समय करेंगे जब अमेरिका के नव-निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप 20 जनवरी को कार्यभार संभालेंगे और लगभग तीन साल से चल रहे युद्ध को शीघ्र समाप्त करने का संकल्प लेंगे।

# दक्षिण पश्चिम पाकिस्तान में धमाका : चार लोगों की मौत, 32 अन्य घायल

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में शनिवार को प्रतिबंधित अलगाववादी संगठन बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने एक यात्री बस को निशाना बनाकर धमाका किया, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई और 32 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि कराची से तुर्बत जा रही बस नू बहमन क्षेत्र में एक आईईडी (इंप्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) की चपेट में आ गई। उन्होंने बताया कि चार शवों और 32 घायलों को निकटतम अस्पताल ले जाया गया है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के अनुसार, धमाके की वजह का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है। हालांकि, एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि बस में वरिष्ठ पुलिस अधिकारी जोहैब मोहसिन और उनका परिवार भी सवार था। ऐसे में संभव है कि बीएलए ने उन्हें निशाना बनाकर धमाका किया। बीएलए ने धमाके की जिम्मेदारी लेते हुए कहा है कि उसने एक सैन्य काफिले को निशाना बनाया।

# कड़ाके की ठंड में अलाव व्यवस्था मे नगरपालिका हुई फिसड्डी

जौनपुर (उत्तरशक्ति) नगरपालिका हुई फिसड्डी चंदा के सहयोग से जगह जगह चौराहे क्षेत्रो में जल रहा अलाव आज पूछा गया तो न प अ प्रतिनिधि ने बताया अलाव की लकड़ी भरा वाहन पकड़ ले गए आर टी ओ जौनपुर उत्तरी भारत सहित पूर्वांचल क्षेत्र में ठंड काफी हद तक बढ़ गई है ऐसे में बच्चे ,बुढ़े ,नौजवान राहगीर ठंड से बेहाल है अभी तक नगर पालिका परिषद जौनपुर के द्वारा अलाव की कोई व्यवस्था ठीक से नहीं हो पाई है जबकि अलाव व्यवस्था सिर्फ कागजों की शोभा बढ़ा रही है। चौराहों पर चंदा और आपसी सहयोग के जरिये ठंड से बचाव के लिये अलाव जलाया जा रहा है। नगर पालिका द्वारा ठेकदार आपस में ही लकड़ी के बंटवारे के लिए उलझे है अलाव प्रभारी बने दीपक शाह ने बताया कि चिन्हित जगहो पर रोज 40 किलो लकड़ी गिराई जा रही है इस व्यवस्था को देखने के लिए आज जब मैं खुद पॉलिटेक्निक चौराहा और सिटी स्टेशन रोड पर बने चिन्हित जगह पर पता किया तो पता चला की लकड़ी 3 दिन से नहीं गिर रही है।नगर पालिका में जिसको ठेका मिला है अरविंद कुमार मौर्य जब उनके नंबर पर फोन मिलाया गया तो उन्होंने बताया कि आज हमारी लकड़ी के वाहन को आरटीओ साहब पकड़ लिए परमिट नहीं था यही बात नगर पालिका अध्यक्ष के प्रतिनिधि डॉक्टर रामसूरत मौर्या ने भी कहीं, वहीं लकड़ी के ठेकेदारों में से एक सुनील यादव ने भी बताया कि लकड़ी कहीं नहीं गिर रही है सिर्फ कागजों पर लकड़ी को कुछ कतिपय लोगों के घरों में गिरा दिया जा रहा है।अलाव के अभाव में लोग भीषण ठंडी में कप कपाते नजर आ रहे हैं वहीं जिले के उच्च अधिकारीओ को अलाव की कमी की आंच नहीं छु पा रही है।इस लिए नहीं कर रहे है कोई जांच। जौनपुर नगर पालिका के एक कर्मचारी दीपक शाह जिनको अलाव प्रभारी बनाया गया है ने बताया कि शहर को दो जोन में बांटा गया है ।उत्तरी और दक्षिणी उत्तरी जोन में 95 जगह अलाव के लिए चिन्हित किए गए हैं जबकि दक्षिणी जोन में 90 जगह को चिन्हित किया गया है। जहां पर रोज 40 किलो लकड़ी गिराई जा रही है लेकिन जब क्षेत्रीय लोगों से पूछा जा रहा है या इसका रियलिटी चेक किया जा रही है तो यह सारी बातें हवा हवाई प्रतीत हो रही है।लकड़ी गिर तो रही है लेकिन मानक के अनुरूप नहीं,जो गिर भी रही है उनकी मिक़दार बहुत कम है और गीली लकड़ी भी है। रविवार को तीन सभासद से उत्तरशक्ति के ज़िला संवाददाता ने दूरभाषा के माध्यम से सम्पर्क किया तो वार्ड नम्बर 35,वार्ड नम्बर 36 ,वार्ड नम्बर 34,वार्ड नम्बर 17 ,ये अभी चारों वार्ड के सभासदो ने कहा ।हर वार्ड का यही हाल है ।वार्ड नम्बर 17 के सभासद का कहना था आज से अलाव के लिए लकड़ी गिराई गई है।मगर 15 से 20 किलो तक ही लकड़ी गिराई जा रही है ।इसमें भी चोरी की जा रही है ऐसा कहना था।कुछ सभासद का दबी हुई जुबान से,वही जब करामात अली मार्ग मुल्ला टोला जौनपुर के कुछ युवा समाज सेवी से पूछा तो सभी का यही कहना था।यहाँ इस वर्ष अलाव का बहुत ही अभाव है इसलिए की इसमें राजनीति हो रही है ।

# तीन सिपाही अनुशासनहीनता के आरोप में लाइन हाजिर

जौनपुर(उत्तरशक्ति)।जलालपुर अनुशासनहीनता के आरोपों के चलते जलालपुर थाने में तैनात तीन सिपाहियों को लाइन हाजिर कर दिया गया है। एक सप्ताह के अन्दर हुई यह कार्रवाई पुलिस विभाग की सख्त नीति के तहत की गई है। ताकि पुलिस बल में अनुशासन बनाए रखा जा सके। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सिपाही विष्णु तिवारी, मुकेश सिंह, और संदीप तिवारी पर वर्दी में अनुचित आचरण और कर्तव्यों की अवहेलना का आरोप था। मामले की जांच के बाद वरिष्ठ अधिकारियों ने इन तीनों को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर करने का आदेश दिया। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक ने कहा कि अनुशासनहीनता किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विभाग में अनुशासन बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है, और भविष्य में भी ऐसे मामलों में सख्त कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने सभी पुलिसकर्मियों को अपनी जिम्मेदारियों का पालन निष्ठा और ईमानदारी से करने की सख्त हिदायत दी। आपको बता दे कि रेहटी गांव के एक होटल पर बीते 28 दिसंबर को सिपाही विष्णु तिवारी और मुकेश सिंह पर आरोप था कि पैसों के बंटवारे को लेकर दोनों सिपाही आपस में भिड़ गए और बात पिस्टल तानने तक पहुंच गई जिसके बाद दोनों सिपाहियों को लाइन हाजिर कर दिया गया। वर्दी को दागदार करने वाली दुसरी घटना बीते 3 जनवरी को त्रिलोचन शराब ठेके से सामने आई। सिपाही संदीप तिवारी पर आरोप लगा कि सिपाही ने वर्दी में शराब खरीदी और वर्दी की धौस दिखाकर चखने वाले दुकानदार को चखने का पैसा नहीं दिया। वीडियो वायरल होने के बाद संदीप तिवारी को भी लाइन हाजिर कर दिया गया। पुलिस विभाग के इस कड़े रुख से अन्य पुलिसकर्मियों के लिए स्पष्ट संदेश गया है कि अनुशासनहीनता पर कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

# असलम शेख द्वारा आयोजित मलाड मस्ती में फिल्मी जगत की अनेक हस्तियां शामिल हुई



मुंबई। सोनू सूद, जैकलीन फर्नांडिस, राशा थडानी, अमन देवगन सहित कई हस्तियों ने विधायक असलम शेख द्वारा आयोजित मलाड मस्ती 2025 में अपनी उपस्थिति से दर्शकों को बेहद एंटरटेन किया। रविवार 5 जनवरी की सुबह कई बॉलीवुड सितारों ने मलाड मस्ती में जनता का मनोरंजन किया।

सोनू सूद ने कहा कि आज बहुत स्पेशल दिन है। 10 जनवरी को हमारी फिल्म फतेह आ रही है। यह मेरी आज तक की सबसे खास फिल्म है क्योंकि पहली बार मैंने डायरेक्ट भी की है। इसमे मुझे जैकलीन फर्नांडिस के साथ काम करने का मौका मिला। मेरे चाहने वाले कहते थे कि यार हम हॉलिवुड जैसी फिल्म क्यों बनाते तो हमने कहा था कि हम एक ऐसी फिल्म बनाएंगे जिसे देखकर हॉलीवुड वाले कहेंगे कि हम इस तरह की फिल्म क्यों नहीं बनाते। बतौर डायरेक्टर जैकलीन के साथ काम करके मजा आया। उन्होंने बहुत अच्छा काम किया है और उनपर मुझे बहुत गर्व है। असलम शेख का बहुत शुक्रिया। 8 वर्षो से वह मलाड मस्ती करते आ रहे हैं और हम जब भी आते हैं उनका भरपूर प्यार मिलता है।

फैन्स के बीच अति उत्साहित जैकलीन ने कहा कि मलाड मस्ती में यह पहला साल है लेकिन मैंने बहुत मस्ती की और मैं आने वाले वर्षों में भी आती रहूंगी। आप सब 10 जनवरी को हमारी फिल्म फतेह सिनेमाघरों में देखने जरूर जाएं, आप एन्जॉय करेंगे।अजय देवगन के भतीजे अमन देवगन और रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी फिल्म आजाद से बॉलीवुड डेब्यू करने जा रहे हैं। इन दोनों ने स्टेज पर अपनी मौजूदगी से सुबह सुबह आई भीड़ में उत्साह भर दिया। राशा ने स्टेज पर डांस भी किया। राशा ने अपने डांस, प्रतिभा और ऊर्जा से सभी ऑडिएंस का दिल जीत लिया। वे दोनों पब्लिक के बीच मे भी गए, अपने फैन्स के साथ सेल्फी ली। राशा ने सभी को हाय कहा और बताया कि मलाड मस्ती में आकर मैं बहुत उत्साहित हूं। हमारी फिल्म आजाद 17 जनवरी, 2025 को रिलीज होने जा रही है। आप सब थिएटर में हमारी फिल्म देखें।

सभी मेहमानों ने इस मस्ती भरे आयोजन के लिए असलम शेख का बहुत आभार जताया। वास्तव में मलाड मस्ती में इतनी सुबह लोगों की भीड़ और उत्साह देखने लायक थी। सभी सेलेब्रिटी गेस्ट्स ने एमएलए असलम शेख को मलाड मस्ती के आयोजन के लिए ढेर सारी शुभकामनाएं दीं। मलाड मस्ती का यह 8वां साल सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। एमएलए असलम शेख लगातार कई सालों से बहुत धूमधाम से मलाड मस्ती का आयोजन करते आ रहे हैं।

# असम के राज्यपाल, मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री ने नाइलिट डीम्ड विश्वविद्यालय का उद्घाटन किया

पटना। असम के राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य, केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव तथा असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्वा सरमा ने संयुक्त रूप से पूर्वोत्तर राज्यों में 5 स्थानों सहित 12 स्थानों पर राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (नाइलिट) डीम्ड विश्वविद्यालय का उद्घाटन किया। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (मीटवाई) के अंतर्गत एकमात्र विश्वविद्यालय नाइलिट डीम्ड विश्वविद्यालय को गुवाहाटी में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान राष्ट्र को समर्पित किया गया। भारत में सेमीकंडक्टर कौशल पारिस्थितिकी तंत्र को सहयोगात्मक रूप से बढ़ाने के लिए नाइलिट और टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स प्राइवेट लिमिटेड के बीच एक समझौता ज्ञापन पर भी हस्ताक्षर किए गए। इस समझौता ज्ञापन पर नाइलिट के महानिदेशक डॉ. एमएम त्रिपाठी और टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ और एमडी डॉ. रणधीर ठाकुर ने हस्ताक्षर किए। इस साझेदारी का उद्देश्य कौशल केंद्र स्थापित करना, डिप्लोमा और प्रमाणन कार्यक्रम विकसित करना और सेमीकंडक्टर एटीएमपी (असेंबली, टेस्टिंग, मार्किंग और पैकेजिंग) प्रौद्योगिकियों में कार्यशालाएं आयोजित करना है। टीएसएटी तकनीकी विशेषज्ञता और इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करेगा, जबकि नाइलिट शिक्षा, प्रशिक्षण और आउटरीच पर ध्यान केंद्रित करेगा। दोनों संगठन भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र में अवसर पैदा करने पर विशेष जोर देते हुए संयुक्त रूप से अनुसंधान और वित्तपोषण पहलों को आगे बढ़ाएंगे।

# अल्फावेक्टर-नाइन्टी वन साइकिल्स की 30 लाख बिक्री को पार किया

मुंबई। अल्फावेक्टर (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड ब्रांड नाइनटी वन साइकिल्स ने 3 मिलियन साइकिल बेचने का मील का पत्थर पार कर लिया है, जिसमें कैलेंडर वर्ष 2024 में रिकॉर्ड 440,000 यूनिट की बिक्री शामिल है। कंपनी ने उत्तर प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, उड़ीसा और झारखंड जैसे बाजारों में 100% से अधिक की बिक्री वृद्धि देखी, जहां विश्वसनीय और आकांक्षी गतिशीलता की मांग बढ़ रही है। इस बढ़ती मांग और मजबूत ग्राहक आधार पर सवार होकर, अल्फावेक्टर कम गति वाले इलेक्ट्रिक टू व्हीलर के साथ बढ़ते इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) सेगमेंट में भी प्रवेश करेगा। अल्फावेक्टर का नाइन्टी वन तेजी से भारत के अग्रणी सक्रिय जीवनशैली और गतिशीलता ब्रांडों में से एक बन गया है। नाइन्टी वन साइकिलें महाराष्ट्र, गुजरात, उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु और कर्नाटक जैसे राज्यों में विशेष रूप से लोकप्रिय हैं, जहाँ फिटनेस और दैनिक आवागमन दोनों के लिए साइकिल चलाना तेजी से अपनाया जा रहा है। ब्रांड के विविध उत्पाद पोर्टफोलियो में माउंटेन बाइक, फैट टायर बाइक, हाइब्रिड बाइक और इलेक्ट्रिक साइकिल (ई-साइकिल) शामिल हैं, जो शहरी युवाओं और फिटनेस के प्रति उत्साही लोगों से लेकर ग्रामीण यात्रियों और पर्यावरण के प्रति जागरूक परिवारों तक की व्यापक जनसांख्यिकी को पूरा करती हैं। अत्याधुनिक डिजाइन, बेहतर इंजीनियरिंग और किफायतीपन पर कंपनी का ध्यान उपभोक्ताओं के साथ, विशेष रूप से टियर 2, 3 और 4 शहरों में दृढ़ता से प्रतिध्वनित हुआ है।

सचिन चोपड़ा, सह-संस्थापक और सीईओ, अल्फावेक्टर (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड ने कहा, 30 लाख साइकिलों की बिक्री की उपलब्धि हासिल करना अल्फावेक्टर के लिए गर्व का क्षण है। यह उपलब्धि हमारे ग्राहकों द्वारा नाइन्टी वन में रखे गए भरोसे और विश्वास को रेखांकित करती है और असाधारण मोबिलिटी समाधान देने के लिए हमारी अटूट प्रतिबद्धता को दशार्ती है। बेहतर डिजाइन, उन्नत इंजीनियरिंग और किफायतीपन पर दृढ़ ध्यान देने के साथ, हम कम गति वाले दोपहिया वाहन सेगमेंट में प्रवेश करके अपने ग्राहकों की पेशकश को बढ़ाने के लिए उत्साहित हैं।

# राजनीतिक योगदान के लिए प्रो .दयानंद तिवारी को मिला दिल्ली स्टार अवॉर्ड




नई दिल्ली (उत्तरशक्ति)। दिल्ली की सुप्रसिद्ध संस्था अधिकार मंच के तत्वावधान में दिल्ली स्टार अवार्ड 2024 का आयोजन एनडीएमसी कन्वोकेशन सेंटर, जंतर मंतर, नई दिल्ली में किया गया। इस आयोजन में अधिकार मंच ने समाज में राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले पुलिस, प्रशासनिक अधिकारी, डॉक्टर, राजनीतिज्ञ, शिक्षक और अन्य बुद्धिजीवी वर्ग के लोगों को सम्मानित किया। इस अवसर पर, मुंबई भाजपा के प्रवक्ता और प्रख्यात साहित्यकार व शिक्षाविद, प्रो. दयानंद तिवारी को राजनीति के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए ह्यदिल्ली स्टार अवार्ड–2024 से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में ह्यअधिकार मंच के राष्ट्रीय महासचिव सत्येंद्र त्रिपाठी ने कहा, प्रो. दयानंद तिवारी एक अद्वितीय स्तर के शिक्षाविद, साहित्यकार और राजनेता हैं। उन्होंने भाजपा मुंबई महाराष्ट्र के प्रवक्ता के रूप में पार्टी की की विचारधारा और राष्ट्रहित के सिद्धांतों को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने आगे कहा कि प्रो. तिवारी के पास 5 विषयों में मास्टर्स डिग्री के साथ पीएचडी और डी. लिट की उपाधि है। ऐसे शिक्षित और दूरदर्शी व्यक्तित्व राजनीति में होंगे तो देश का भला निश्चित ही होगा।ह्व ज्ञातव्य है कि डॉ दयानंद तिवारी भाजपा मुंबई प्रवक्ता के साथ ही अपना पूर्वांचल महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, वर्ल्ड सोशल और कल्चरल एसोसिएशन के अंतराष्ट्रीय बौद्धिक प्रमुख, पश्चिम रेलवे और मध्य रेलवे के सदस्य होने के साथ ही महाराष्ट्र राज्य की बाल भारती शिक्षा समिति के सदस्य भी हैं।

इस खास मौके पर भाजपा दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, उत्तर-पूर्वी दिल्ली से सांसद मनोज तिवारी, चांदनी चौक से सांसद प्रवीण खंडेलवाल, पश्चिमी दिल्ली से सांसद कमलजीत सिंह सहरावत, दिल्ली भाजपा महामंत्री विष्णु मित्तल, स्पेशल सीपी (लॉ एंड ऑर्डर) मधुप तिवारी, स्पेशल सीपी (क्राइम) देवेश चंद्र श्रीवास्तव, स्पेशल सीपी (इंटेलिजेंस) सागर प्रीत हुड्डा, स्पेशल सीपी (पीएस डिवीजन) जसपाल सिंह, एडिशनल सीपी (ट्रैफिक) दिनेश कुमार गुप्ता, डीसीपी साउथ-वेस्ट सुरेंद्र चौधरी, डीसीपी साउथ अंकित चौहान, डीसीपी सेंट्रल एम हर्ष वर्धन, डीसीपी शाहदरा प्रशांत गौतम, अधिकार मंच के अध्यक्ष मोहन सिंह, महासचिव सतेन्द्र कुमार त्रिपाठी समेत अन्य पदाधिकारी व गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस आयोजन ने सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्रों में योगदान देने वालों को प्रोत्साहित किया गया और उनकी उपलब्धियों का जश्न मनाया गया।

डॉ. वकील नज़ीर इण्टर कालेज
ADDMISSION OPEN- 2025- 26
फाउंडर & मैनेजर
डॉ. वकील अहमद नजीर
80094 80093
असिस्टेंट मैनेजर
मो0 राफे शमीम
(M.B.A)
निकट-करीमगंज, मानी कलाँ, शाहगंज, जनपद -जौनपुर (उ0प्र0)- 222139

CMO Reg. RMEE. 2341801
SHIFA HOSPITAL
अहमदी मेमोरियल
शिफा मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
मानीकलां, जौनपुर
डा0 मोहम्मद अकमल
(फिजिशियन)
मो0- 9451610571, 7380850571
डिलीवरी (नार्मल एवं ऑपरेशन द्वारा)
सुविधाएं- हृदय रोग विशेषज्ञ, शुगर एवं चेस्ट रोग, आर्थोपेडिक सर्जन चर्मरोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग विशेषज्ञ (इनफर्टिलिटी एवं बांझपन) डेन्टल सर्जन जनरल सर्जन, लैप्रोस्कोपिक सर्जन, डिजिटल एक्स-रे, पैथोलॉजी, मेडिकल स्टोर

ARUNODAYA Surgical & Trauma Center
अरूणोदय सर्जिकल एण्ड ट्रामा सेन्टर
जनरल सर्जरी
स्त्री एवं प्रसूति रोग
आर्थोपेडिक (सर्जरी एवं परामर्श)
कीमोथिरैपी सुविधा उपलब्ध
न्यूरो सर्जरी (परामर्श एवं सर्जरी)
वेन्टिलेटर एवं डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
प्रशिक्षित डाक्टर स्टाफ तथा सभी मानकों पर खरा उतरने वाला जनपद का एक मात्र हास्पिटल
दूरबीन विधि द्वारा सभी प्रकार की सर्जरी
जनरल मेडिसिन, मधुमेह रोग
गुर्दा एवं मूत्र रोग (सर्जरी एवं परामर्श)
गैस्ट्रोइन्टरोलॉजी (इण्डोस्कोपी एवं कालोनोस्कोपी)
एक्सीडेण्टल एवं ट्रामा इमरजेन्सी सेवा 24 घण्टे उपलब्ध
बीमा कार्ड धारकों के लिए सबसे सुसज्जित प्राईवेट वार्ड तथा सबसे अच्छी चिकित्सा व्यवस्था
डा. अरूण आर. सिंह
कन्सल्टेन्ट लैप्रोस्कोपिक सर्जन
एस.एम.ओ.) एल.टी.एम.एम. जी. एच. (सायन हॉस्पिटल मुम्बई)
स.आर.) एम. जी.एम. मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल (नवी मुम्बई)
रजि.नं.-82945 (यू.पी.एम.सी.)
24/7 Emergency Services
डा0 पुनीत सिंह
M.S.M.C.H.
गुर्दा एवं मूत्र रोग विशेषज्ञ (यूरो सर्जन)
डा0 रवि प्रकाश सिंह
M.S. (Ortho)
हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ
डा0 प्रभात सिंह
M.D.( Medicine)
कंसल्टेंट फिजिशियन
डा0 सुमित कुमार सिंह
M.D.( Neuro Psychiatrist)
मानसिक रोग विशेषज्ञ
बीमा कार्ड धारकों के लिए विशेष सुविधा उपलब्ध
Medi Assist
STAR
आयुष्मान कार्ड द्वारा निःशुल्क इलाज की सुविधाएं
8090966086,8090015086
कलीचाबाद,जौनपुर

A Unit of Salvation Foundation trust
Kandharpur, Jaunpur
The Culture of Care
SALVATION HOSPITAL
साल्वेशन हॉस्पिटल
पंडित दीनदयाल उपाध्याय
राज्यकर्मी कैशलेस चिकित्सा योजना संबद्ध अस्पताल
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना
के अंतर्गत सूचीबद्ध अस्पताल
प्रदेश के लगभग 6 करोड़ लोगों के लिए 5 लाख रुपये तक के इलाज पूरी तरह से निःशुल्क
24/7 Emergency Services
24 घंटे भर्ती की सुविधा
आई.सी.यू. | डायलेसिस | एच.डी.यू.
नेत्र विभाग | अस्थि रोग विभाग
दन्त चिकित्सा | किडनी विभाग
जनरल मेडीसिन | जनरल सर्जरी
डॉ. प्रियंका श्रीवास्तव
B.A.M.S.
(स्त्री रोग विशेषज्ञ)
डॉ. विवेक श्रीवास्तव
M.D. (Physician, F.G.O.
(APOLO HOSPITAL) P.G.D.S.
Member of Indian Medical
Association UPMCI Rg. No. 95653
नोट- प्रत्येक महीने के दूसरे रविवार को प्रयागराज के गुर्दा रोग विशेषज्ञ डा0 सन्तोष मौर्य (M.D., D.M. Nephro) 12 बजे से 4 बजे तक उपलब्ध रहते हैं।
कंधरपुर, मुरादगंज, जौनपुर (वाराणसी-लखनऊ न्यू हाइवे के बगल में बाईपास से 400 मीटर की दूरी पर 9138828282, 8686867547